**केन्द्रीय विद्यालय** सीतापुर

**प्रथम आवर्ती परीक्षा (2022-23)**

**विषय:- हिन्दी**

**कक्षा:-6** **पूर्णांक:- 40** **समय:- 1:30 घंटे**

प्रश्न संख्या १ अनुच्छेद पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए- **1x5=5**

नदियाँ माता स्वरूपिणी हैं I मानव सभ्यता के विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है I मानव जीवन के लिए यह आवश्यक है I ये जीवनदायिनी हैं I नदियों के किनारे ही मानव ने अपनी पहली बस्ती बसाई और खेती करना शुरू किया I नदियों के जल ने सिंचाई तथा भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है I आधुनिक युग में पनबिजली परियोजना नदियों पर ही निर्भर है I इतना ही नहीं सदियों से नदियाँ गाँवों और शहरों की गन्दगी भी अपने साथ बहाकर ले जाती रही है , फिर भी वे हमारे लिए कल्याणकारी हैं I

क- मानव ने अपनी पहली बस्ती कहाँ बसाई ?
ख- नदियों ने मानव जीवन में क्या योगदान दिया है ?
ग- नदियों पर कौन सी परियोजना निर्भर है ?
घ- नदियों को माता क्यों कहा गया है?
च- गद्यांश का उचित शीर्षक क्या है ?

प्रश्न(1)निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें। **(1x7=7)**

**(1)** ‘बहादुर’ शब्द का विलोम शब्दहै-

(१)डरपोक (२)बहादुर (३)कमज़ोर (४)कायर

**(2)** ‘जल’का पर्यायवाची शब्द है-

(१)मेघ (२)पवन (३)सरिता (४) तोय

**(3)** **‘नादान दोस्त’** पाठ के लेखक कौन हैं?

**(i)** कृष्णा सोबती **(ii)** प्रेमचंद **(iii)** विनय महाजन **(iv)** विष्णु प्रभाकर

**(4)**चिड़िया ने अंडे कहाँ दिए थे**?**

**(i)** छत पर **(ii)** कार्निस पर **(iii)** खिड़की पर **(iv)** पेड़ पर

**(5)** केशव और श्यामा ने चिड़ियों के खाने के लिए क्या बिखेरा**?**

**(i)** गेहूँ **(ii)** मक्का **(iii)** चावल **(iv)** जौ

**(6)** चिड़िया को किन चीज़ों से प्यार है**?**

**(i)** नदी से **(ii)** जंगल से **(iii)** अन्न से **(iv)** उपर्युक्त सभी

**(7)** संज्ञा के कितने भेद होते हैं**?**

(क)**6** (ख)**7** (ग)**5** (घ)**4**

---

प्रश्न **2)** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें। **(2x5=10)**

पिछली सदी में तेज़ रफ़्तारवाली गाड़ी वही थी। कभी-कभी हवाई जहाज देखने को मिलते **।** दिल्ली में जब भी उनकी आवाज आती, बच्चे उन्हें देखने बाहर दौड़ते। दीखता एक भारी-भरकम पक्षी उड़ा जा रहा पंख फैलाकर **।** यह देखो और वह गायब ! उसकी स्पीड ही इतनी तेज लगती **।** हाँ , गाड़ी के मॉडल वाली दुकान के साथ एक और ऐसी दुकान थी , जो मुझे कभी नहीं भूलती **।** यह वह दुकान थी जहाँ मेरा पहला चश्मा बना था **।** वहाँ आँखों के डॉक्टर अंग्रेज थे **।**

**(1)** तेज़ रफ़्तारवाली गाड़ी का नाम बताएँ।
**(2)** पिछली शताब्दी की और कौन सी विशेष चीज थी **?**
**(3)** लेखिका किस दुकान को कभी नहीं भुला पायी**?**
**(4)** पाठ और लेखिका का नाम बताएँ।
**(5)** 'दुकान' शब्द से वाक्य बनाइए।

प्रश्न २**)** स्थानान्तरण प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए अपने विद्यालय के प्राचार्य जी को प्रार्थना पत्र लिखिए। **(5)**

अथवा

अपने मित्र को परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बधाई देने के लिए पत्र लिखें **।**

प्रश्न ४**)** निम्नलिखित में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर दें। **(2x4=8)**

१**)** कविता के आधार पर बताओ कि चिड़िया को किन-किन चीजों से प्यार है **?**

२**)** लेखिका बचपन में इतवार की सुबह क्या-क्या काम करती थी **?**

३**)** लेखिका को चश्मा क्यों लगाना पड़ा**?** चश्मा लगाने पर उनके भाई उन्हें क्या कहकर चिढ़ाते थे **?**

४**)** केशव और श्यामा ने चिड़िया के अंडों की रक्षा की या नादानी**?**

५**)** आशय स्पष्ट करो:-

रस उँडेलकर गा लेती है।

बाल राम कथा

प्रश्न ४) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें।

क) अनुष्ठान के अंतिम दिन क्या हुआ ? 2

ख) राजा दशरथ को किस बात का दुःख था ? 2

ग) रामायण किसने लिखि एवं किस भाषा में लिखी ? 1